## सार-समाचार

### भाटी ने कारागृह का निरीक्षण किया

**पाली**, (नि.सं.)। माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) पाली विक्रम सिंह भाटी, द्वारा शुक्रवार को जिला कारागृह, पाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 95 बन्दी जिला कारागृह, पाली में निरूद्ध मिले। निरीक्षण के दौरान सचिव भाटी द्वारा बन्दीगण से वार्तालाप कर कारागृह में भोजन, चिकित्सीय सुविधा, पेयजल, सफाई व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त कोई भी बन्दी निजी अधिवक्ता करने में असमर्थ हो अथवा विधिक सहायता के अभाव में बिना अधिवक्ता के कारागृह में निरूद्ध ना रहे, इसके लिए सचिव भाटी द्वारा कारागृह में बन्दीगण को निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। साथ ही ऐसे बन्दी जिनकी जमानत होने के उपरांत भी कारागृह में निरूद्ध हो इस संबंध में भी जानकारी ली गई तथा बंदियों को उनके प्रकरणों की स्थिति के बारे में बताया। सचिव भाटी द्वारा बंदियों से वार्तालाप कर समस्याओं के बारे में पूछा तथा नवआगन्तुक बंदियों से वार्तालाप कर वक्त घटना/आरोपित अपराध के समय उनकी आयु के संबंध में जानकारी ली गई। सभी बन्दी की ओपीडी के समय में स्वास्थ्य जांच की जाती है तथा इमरजेन्सी होने पर बन्दीगण को राजकीय बांगड़ अस्पताल पाली रेफर किया जाता है। गुलाबचंद, मेलनर्स जेल डिस्पेंसरी रविंद्र परिहार, एवं सिहायक जेल विजिटिंग लॉयर्स वनीता प्रजापत आदि उपस्थित रहे।

### तारबंदी योजना से भीखाराम को राहत

**बालोतरा**, (नि.सं)। पंचायत समिति कल्याणपुर के वृत्त क्षेत्र डोली में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा है। शिविर के माध्यम से राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र कृषकों तक सीधे पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम डोली कलां निवासी कृषक भीखाराम पुत्र सुटाराम राम को राज्य सरकार द्वारा देय अनुदान सहायता से अपने खेत में तारबंदी निर्माण कार्य का लाभ प्रदान किया गया। कृषक भीखाराम ने बताया कि कृषि विभाग की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ मिलने से अब उनके खेत की फसल आवारा पशुओं से पूरी तरह सुरक्षित हो गई है। पूर्व में फसल को होने वाले नुकसान के कारण उन्हें आर्थिक हानि उठनी पडती थी, लेकिन तारबंदी निर्माण के पश्चात फसल सुरक्षा सुनिश्चित हुई है, जिससे उत्पादन बढने की पूरी संभावना बनी है। उन्होंने कहा कि इस योजना से न केवल उनकी फसल सुरक्षित हुई है, बल्कि उन्हें आर्थिक संबल भी प्राप्त हुआ है। इससे खेती को लाभकारी बनाने में सहायता मिली है। कृषक भीखाराम ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी है तथा अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्पद साबित होगी। उन्होंने अंत में सभी किसान भाइयों से अपील की कि वे कृषि विभाग की इस तरह की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं, ताकि खेती को सुरक्षित एवं समृद्ध बनाया जा सके।

### 'ग्राम उत्थान शिविर से लाभान्वित करें'

**जालोर**, (का.सं.)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिले में निर्धारित कार्यक्रमानुसार 5 गिरदावर वृत्त पर एक दिवसीय ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन किया गया। बागरा ग्राम में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि इन शिविर के माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों को लाभान्वित करें। जालोर जिले में गुरूवार को बागरा, दांतलावास, जाखड़ी, गोलासन व हाडेचा गिरदावर सर्किल पर एक दिवसीय ग्राम उत्थान शिविर में ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उन्हें लाभान्वित किया गया। शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, .षि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण एवं पंचायतीराज विभाग सहित संबंधित विभागों की सहभागिता से .षकों एवं पशुपालकों सहित ग्रामीणों को विभागीय योजना की जानकारी दी। जालोर तहसीलदार रणवीर सिंह, जालोर ब्लॉक विकास अधिकारी प्रदीप मायला सहित अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे। जालोर जिले में 7 फरवरी को आकोली (जालोर), हरजी, पावली, सरवाना व आकोली (चितलवाना) गिरदावर सर्किल पर ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उन्हें लाभान्वित किया जायेगा।

### पर्स लूट का तीसरा आरोपी भी पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के रेलवे स्टेशन के सामने गली में होटल कर्मी से दो दिन पहले बाइक सवार तीन युवक झीनाझपटी कर जेब से पर्स लूट कर ले गए थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दो आरोपियों को उसी दिन पकड़ लिया था। तीसरा आरोपी फरार चल रहा था, उसे अब गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त बाइक को जब्त किए जाने के साथ पर्स भी बरामद किया है। एक आरोपी के खिलाफ पहले भी केस दर्ज हो रखे है। उदयमंदिर पुलिस ने बताया कि दो दिन पहले बुधवार की शाम पांच बजे रेलवे स्टेशन के सामने गली में होटल कर्मी इमुलाल से बाइक सवार तीन युवकों ने झीना झपटी कर उसका पर्स जेब से निकाल कर भाग गए थे। पुलिस ने मामला सामने आने पर दो आरोपियों नई सडक़ चमनपुरा गली नंबर 1 निवासी फिरोज उर्फ कायरा और फतेहसागर बेलदारों का मोहल्ला निवासी अखिल अरोड़ा को उसी दिन पकड़ लिया था

### धोरों में सुपर कारों का इवेंट शुरू

**जैसलमेर**, (निसं)। जिले को पर्यटन मानचित्र में दुनिया में सिरमौर बनाने हेतू धोरों में शुक्रवार से सुपर कारों का इवेंट द डेजर्ट स्टॉर्म शुरू हुआ। चार दिन तक चलने वाले इस इवेंट में देश की सबसे महंगी 13 करोड़ रुपए की लेम्बोर्गिनी कार भी शामिल है। ये कार महज ढाई सेकेंड में ही 100 किलोमीटर प्रतिघंटे की स्पीड पकड़ लेती है। इस इवेंट में 14 सुपर लग्जरी कारें शामिल हैं, जिनकी कीमत ढाई करोड़ से शुरू हो रही है। इसमें माधुरी दीक्षित के पति डॉ. नेने से खरीदी गई पोर्शे कार भी शामिल है।

# कात्यायनी माता पशु मेला ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा

**सायला**, (नि.सं.)। जिले के सायला उपखंड मुख्यालय पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार पशुपालन विभाग जालोर द्वारा कात्यायनी माता पशु मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा।

मेला अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. गिरधरसिंह सोढा ने बताया कि राज्य सरकार के पशुपालन विभाग के निर्देशानुसार आगामी 15 से 19 फरवरी तक पांच दिवसीय जिला स्तरीय मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर उपखंड अधिकारी सूरजभान विश्नोई के निर्देशन में सभी विभागों व स्थानीय मेला कमेटी के सदस्यों द्वारा आपसी समन्वय से वीराना रोड स्थित नदी क्षेत्र में झाड़ियों की कटिंग कर समतलीकरण किया गया है। साथ ही साफ सफाई कर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। मेले के सफल आयोजन के लिए मंच, दुकानों, वाहनों के लिए पार्किंग, स्वागत कक्ष, कार्यालय आदि बनाए जा रहे है। सायला मुख्यालय पर लंबे समय बाद राज्य सरकार द्वारा पशु मेले का आयोजन करने से पशुपालकों, अश्वपालको सहित स्थानीय नागरिकों में काफी उत्साह का माहौल है। पशुपालकों का कहना है कि मेले के आयोजन से स्थानीय पशुओं को पहचान मिलने के साथ मारवाड़ी नस्ल के घोड़ों को उच्च स्तरीय पहचान मिलेगी। जिसमे देशभर से पशुपालक, अश्वपालक सहित व्यापारी भाग लेंगे। जिससे स्थानीय पशुपालकों को पशुओं के क्रय विक्रय करने में सहूलियत रहेगी। मेले को लेकर बैनर होर्डिंग लगाकर तथा जिलेभर में पत्रक का वितरण कर प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

कात्यायनी माता पशु मेले के प्रथम दिन 15 फरवरी को मुख्य अतिथि द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना के साथ ध्वजारोहण कर पांच दिवसीय मेले का शुभारंभ किया जाएगा।

वहीं मेले के दौरान 16 व 18 फरवरी को स्थानीय तथा राजस्थान के प्रसिद्ध लोक कलाकारों द्वारा रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। वहीं 18 फरवरी को सायं चार बजे घुड़ दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिसका आयोजन नदी के प्रवाह क्षेत्र में किया जाएगा।

### चार दिन पशुओं की प्रतियोगिता होगी

कात्यायनी माता पशु मेले में विभागीय निर्देशानुसार चार दिन अलग अलग पशुओं की प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें 16 फरवरी को नरवंश में बकरा व नर भेड़ तथा मादावंश में बकरी व मादा भेद की प्रतियोगिता होंगी। 17 फरवरी को नरवंश में ऊंट सांड व गौवंश सांड तथा मादावंश में ऊंट मादा व गाय दुधारू की प्रतियोगिता होंगी। जबकि 18 फरवरी को नरवंश में भैंसा सांड व बछडा की तथा मादावंश में भैंस व बछड़ी की प्रतियोगिता होगी। इसी तरह 18 फरवरी को नरवंश में घोड़ा व मादा वंश में घोड़ी की प्रतियोगिता होगी। जिसमें विजेताओं को अंतिम दिन 19 फरवरी को समापन समारोह में अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

### मेले की दुकानों का आवंटन हुआ

पांच दिवसीय जिला स्तरीय पशु मेले में मेला स्थल पर लगने वाली दुकानों का शुक्रवार को आवंटन हुआ। पंचायत समिति सभागार में विकास अधिकारी गौरव बिश्नोई, नगरपालिका ईओ सुशील कुमार पुरोहित व पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. गिरधरसिंह सोढा की उपस्थिति में दुकानों की बोली बोलकर नियमानुसार दुकानों का आवंटन किया गया। जिसमें व्यापारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व स्थानीय मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित

**बालोतरा**,(नि.सं.)। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अमरपुरा जसोल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नगरपालिका जसोल क्षेत्र में मतदाता जागरूकता के लिए भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आमजन को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाने में सहभागिता निभाने का आहवान किया। विद्यालय से प्रारंभ हुए इस जागरूकता भ्रमण में विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां एवं स्लोगन लेकर नगर पालिका क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण किया।

पहले मतदान, फिर जलपान, मतदान हमारा अधिकार है, लोकतंत्र की शान मतदान जैसे नारों के माध्यम से नागरिकों को आगामी चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने आमजन को यह संदेश दिया कि प्रत्येक मतदाता का एक-एक वोट लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं एवं नव मतदाताओं से अपील की कि वे मतदान के दिन किसी भी प्रकार के प्रलोभन से दूर रहते हुए निर्भीक एवं निष्पक्ष मतदान करें।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान का उद्देश्य केवल मतदान प्रतिशत बढ़ाना ही नहीं, बल्कि नागरिकों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समझ विकसित करना भी है। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विद्यालय स्तर पर इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाना अत्यंत आवश्यक है।

भ्रमण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों ने विद्यार्थियों की इस पहल की सराहना की तथा लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार मतदान का संदेश दोहराया।

इसमें नगर पालिका जसोल के अधिशाषी अभियंता जय प्रकाश डउकीया, सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश हंस, प्रधानाचार्य सरोज भाटी, शारीरिक शिक्षक प्रताप सिंह राव, नवनीत कुमार, बूथ लेवल अधिकारी दलपत सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर ललित कुमार और अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## रविदास महाराज जयंती महोत्सव आयोजित

**जालोर**, (नि.सं.)। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला जालोर के तत्वावधान में 6 फरवरी को संत शिरोमणि रविदास महाराज की जन्म जयंती के अवसर पर गर्ग आश्रम, जालोर में संगोष्ठी एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकार के अनुसार एससी मोर्चा नगर अध्यक्ष पिंटू जीनगर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह सिसोदिया रहे। उन्होंने कहा कि रविदास महाराज ने समता, सद्भाव और सामाजिक समानता का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज को दिशा देने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार संतों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में जुटी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एससी मोर्चा जिला महामंत्री इंद्र गर्ग ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास महाराज का जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने की प्रेरणा देता है, और हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर सामाजिक समरसता को मजबूत करना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मन की बात जिला संयोजक एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने कहा कि संत रविदास महाराज का चिंतन मानवता, सेवा और समान अधिकारों पर आधारित था, जो आज के लोकतांत्रिक भारत की आत्मा से जुड़ा हुआ है।

वहीं जिला कार्यालय मंत्री डिंपल सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में जागरूकता बढ़ती है और युवा पीढ़ी को अपने महापुरुषों के विचारों से सीखने का अवसर मिलता है। उपाध्यक्ष विजयपाल डाबी, रमेश बारूपाल, कोषाध्यक्ष बगदाराम मेघवाल, अजय जाटव, महेंद्र दमामी बागरा, जोगाराम मीणा, कैलाश, कमलेश, किशन, भागीरथ गर्ग सहित कई जने उपस्थित रहे।

नगर अध्यक्ष पिंटू जीनगर ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एम्स में बागवान की मौत, मुआवजा व नौकरी की मांग, धरना दिया

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर एम्स में कार्यरत बागवान मांगीलाल की गुरुवार को उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मौत की सूचना मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए और अस्पताल परिसर में प्रदर्शन शुरू कर दिया।

परिजनों ने शव उठाने से इनकार करते हुए प्रशासन से मुआवजा और नौकरी की मांग की। आज शुक्रवार की दोपहर में फिर से परिजन उठा हो गए और जोरदार प्रदर्शन किया। हंगामें की सूचना पर पुलिस का अतिरिक्त बल बुलाया गया।

परिजनों का आरोप है कि मांगीलाल 28 जनवरी को एम्स अस्पताल में एक निजी कंपनी के तहत बागवानी कार्य कर रहा था। बागवानी कार्य के बावजूद उससे और उसके एक साथी से ऊंचाई पर चढक़र पेड़ों की छंगाई का जोखिम भरा काम कराया गया। इसी दौरान संतुलन बिगडऩे से वे नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान गुरुवार को मांगीलाल ने दम तोड़ दिया।

परिवार का कहना है कि बागवानी के अलावा अन्य खतरनाक कार्य कराए जाने के कारण ही यह हादसा हुआ, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित निजी कंपनी और प्रशासन की है।

परिजनों ने मृतक के आश्रित को संविदा पर नौकरी देने और एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की मांग की।

घटना की सूचना पर एसीपी छवि शर्मा और बासनी थानाधिकारी नितिन दवे मौके पर पहुंचे। एम्स अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारियों ने भी परिजनों से वार्ता की।

शुक्रवार की दोपहर में फिर से एम्स अस्पताल मोर्चरी पर परिजनों का गुस्सा फूटा और वे कार्रवाई की मांग पर हंगामा करने लगे। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी समझाइश में जुटे रहे।

## कब बुलबुल उत्सव संपन्न

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय पाली के तत्वावधान में जिला प्रशिक्षण केंद्र बजरंग बाड़ी पाली में 2 फरवरी से 8 फरवरी तक स्काउट व गाइड यूनिट लीडर बेसिक कोर्स में 29 यूनिट लीडर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

सात दिवसीय स्काउट यूनिट लीडर बेसिक कोर्स का संचालन पुरुषोत्तम पुरी गोस्वामी ओर गाइड यूनिट लीडर बेसिक कोर्स का संचालन किशोर देवी द्वारा किया जा रहा है। सी ओ स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि ने बताया कि जिला प्रशिक्षण केंद्र बजरंग बाड़ी पाली में तीन दिवसीय कब बुलबुल उत्सव एवं चतुर्थ चरण हीरख पंख जांच शिविर शिविर का समापन हुआ। जिला प्रशिक्षण केंद्र बजरंग बाड़ी पाली में सम्पन्न हुए कब बुलबुल उत्सव में जिला उप प्रधान रमेश चंद्र वैष्णव, जिला प्रशिक्षण आयुक्त प्रकाश चंद्र सिंघाड़िया, सी ओ गाइड डिंपल दवे, लीडर ट्रेनर गाइड किशोर देवी, सचिव चुन्नीलाल चौहान के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। 11 फरवरी 2026 को राज्य प्रशिक्षण केंद्र जगतपुरा जयपुर में आयोजित होने वाले राज्य पुरस्कार समारोह में महामहिम राज्यपाल के कर कमलों से धन्यवाद बैज प्राप्त करने हेतु नामित होने पर प्रकाश चंद्र सिंघाड़िया ओर चुन्नी लाल चौहान का अभिनंदन किया गया। सी ओ गाइड डिंपल दवे ने बताया कि समापन समारोह में अतिथियों को कब बुलबुल द्वारा बड़ी सलामी ओर विशाल गर्जना का प्रदर्शन करके स्वागत किया गया कार्यकम में कब बुलबुल द्वारा गैर ओर सांस्कृतिक कार्यकम की मनोरम प्रस्तुति दी गई, जिले के विभिन्न विद्यालयों से 148 कब बुलबुल स्काउट गाइड द्वारा सहभागिता की गई। कब बुलबुल उत्सव में सहभागिता करने वाले ठुपों को प्रमाण पत्र ओर स्मृति चिन्ह प्रदान किए। कार्यक्रम में रमेश सोलंकी, प्रदीप कुमार शर्मा, जयपाल सिंह, भरत दाधीच, कर्माराम, रमेश कुमार भाटी, नसीम बानो, दीपमाला, सरोज शर्मा, मीनाक्षी ओर रेंजर काव्या ने सहयोग किया।

## अश्विन राजपुरोहित का स्वागत किया

**जालोर**, (कासं)। जालोर के एडवोकेट अश्विन राजपुरोहित को भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से केंद्र सरकार के मुकदमों के संचालन के लिए चीफ स्टैंडिंग काउंसिल नियुक्त किया गया है। इधर, राजपुरोहित की नियुक्ति पर अधिवक्ता परिषद के कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। साथ ही साथी अधिवक्ताओं ने भी फूल माला पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया।

केंद्र सरकार के न्याय एवं विधि मंत्रालय दिल्ली द्वारा शुक्रवार देर शाम को सूची जारी की। जिसमें अधिवक्ता परिषद के सक्रिय कार्यकर्ता अश्विन राजपुरोहित को जालार जिला न्यायालय और उसके अधीनस्थ न्यायालयों में पैरवी के लिए चीफ स्टैंडिंग कौंसिल बनाया गया है।

यह केंद्र सरकार का आधिकारिक अधिवक्ता पैनल है। इसका सदस्य होना किसी भी अधिवक्ता के लिए गौरव, विश्वास और करियर की बडी उपलब्धि माना जाता है।

नव नियुक्त चीफ स्टैंडिंग कौंसिल अश्विन राजपुरोहित एवं अतिरिक्त स्टैंडिंग कौंसिल कमल राजा का अधिवक्ता परिषद के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य दिलीप शर्मा के नेतृत्व में ललित खत्री, प्रवीण घांची, डूंगर देवासी ने माला सांफा पहनाकर स्वागत किया तथा शुभकामनायें दी।

इसी तरह वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र दवे, लोकपाल नैनसिंह राजपुरोहित, अधिवक्ता संतोष भारती, बाबूलाल मेघवाल, भंवर मेघवाल, सुजान देवासी, महिपाल गिरी, अल्ताफ अली, दौलत बाराडा, मंगलसिंह राजपुरोहित, नवीन गेहलोत, प्रवीण भादर, युद्धपालसिंह, शकील मेहर, भूरसिंह देवकी, केशरसिंह नून, बजरंग गर्ग, गणपत सिंह नोरवा सहित अधिवक्ताओं ने भी राजपुरोहित का स्वागत किया।

## करोना महामारी से मृत्यु पर दस लाख का क्लेम देने सहित जुर्माना लगाया

**जालोर**, (कासं)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, जालोर ने एक महत्वपूर्ण फैसले में आईसीआईसी लैम्बार्ड इंश्योरेस कम्पनी को उपभोक्ता सेवा में कमी का दोषी ठहराते हुए परिवादिनी को बीमा राशि चुकाने के आदेश दिए हैं। आयोग के पीठासीन अधिकारी घनश्याम यादव एवं सदस्य निरंजन शर्मा ने बीमा कंपनी द्वारा कोरोना महामारी से मृत्यु होने पर दस लाख रूपये मय ब्याज सहित चालीस हजार का जुर्माना लगाया।

परिवादिनी जयमाला सिसोदिया ने उपभोक्ता आयोग जालोर मे परिवाद पेश कर बताया कि उसके पति स्व. जितेन्द्रसिंह सिसोदिया के नाम से 12 नवंबर 2019 को आईसीआईसीआई लैम्बर्ट जनरल इंश्योरेंस कम्पनी से दस लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी 14206 रूपये देकर खरीद की थी। पॉलिसी की वैधता 11 नवंबर 2022 तक थी। 13 मई 2021 को कोरोना महामारी के कारण उनके पति का निधन हो गया। इसके पश्चात परिवादिनी द्वारा बीमा क्लेम प्रस्तुत किया गया, लेकिन बीमा कंपनी ने कोरोना से मृत्यु को आधार बनाकर क्लेम देने से इनकार कर दिया। उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष धनश्याम यादव ने बीमा कंपनी का तर्क अस्वीकार करते हुए माना कि सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के बावजूद क्लेम न देना सेवा में कमी है। इसलिए आयोग ने आईसीआईसी इंश्योरेन्स कम्पनी को आदेश दिया कि परिवादिनी को दस लाख रुपये की बीमा राशि 45 दिन के भीतर अदा की जाए। इसके साथ ही मानसिक वेदना व आर्थिक क्षति के लिए तीस हजार तथा परिवाद व्यय के रूप में दस हजार रूपये का भुगतान करने का आदेश दिया। भविष्य में इस प्रकार की सेवा में त्रुटि न हो, इसके लिए बीमा कंपनी को राज्य उपभोक्ता कल्याण कोष में एक लाख रूपये जमा करने के निर्देश भी दिए गए।

### मारपीट कर रुपए छीने

**जोधपुर**, (कासं)। पूर्वी पाल योजना सेक्टर सी में एक व्यक्ति से मारपीट कर जेब से 15 हजार रूपए निकाल लिए गए।

चौहाबो पुलिस ने बताया कि पूर्वी पाल योजना कबीर पार्क सेक्टर सी में रहने वाले जितेंद्र पुत्र लक्ष्मण मीरचंदानी ने रिपोर्ट दी।


**कार्यालय पंचायत समिति, जालोर (राज.)**
(बागोडा रोड, जालोर)
E-Mail: bdojlr12345@gmail.com, Contect No.: 02973-222230
क्रमांक : पंसजा / लेखा/2025-26/786 दिनांक : 06/02/2026

**:: दुकान किराया बोली सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति, जालोर की सम्पति दुकान संख्या 05 बागोड़ा रोड स्थित दुकान किराये पर दी जानी है। इस हेतु इच्छुक व्यक्ति दिनांक 13.02.2026 समय प्रातः 12 बजे तक अपना आवेदन प्रस्तुत करें एवं धरोहर राशि जमा करवाकर किराये हेतु उसी दिनांक 13.02.2026 को सायं 04:00 बजे से प्रारम्भ खुली बोली प्रक्रिया में भाग लेवें।
विस्तृत शर्ते कार्यालय समय में नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

प्रशासक, पंचायत समिति, जालोर
प्रदीप मायला, खण्ड विकास अधिकारी, पंचायत समिति, जालोर

**कार्यालय पंचायत समिति जालोर (जिला-जालोर)**
क्रमांकःपंसजा/2025-26/780 **ई-बोली आमंत्रण सूचना** दिनांकः6/02/2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ निम्नलिखित ग्राम पंचायतों में अटल ज्ञान केन्द्र के संचालन हेतु निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सा.नि.वि., जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत विभागों / संगठनों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से E-Procurment के माध्यम से ई-बोली आमंत्रित की जाती है। बोली से सम्बन्धित विवरण वेबसाइट https://eproc.rajasthan.gov.in/ अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. स. | पंचायत का नाम | स्वीकृत राशि (लाखों में) | बोली प्रपत्र विक्रय/ डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक व समय | बोली प्रपत्र की हॉर्ड कॉपी जमा करवाने की अंतिम दिनांक व समय | प्राप्त बोलीयों को खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बागरा | 8.00 | 13/02/2026 को 06.00 पी.एम. बजे | 16/02/2026 को 01.00 पी.एम. बजे तक | 16/02/2026 को 03.00 पी.एम. बजे से |
| 2 | चांदणा | 8.00 | | | |
| 3 | देबावास | 8.00 | | | |
| 4 | लेटा | 8.00 | | | |

विकास अधिकारी पंचायत समिति, जालोर

**कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राज0)**
क्रमांक : नपजा/विकास/2025-26/7433 दिनांक : 02.02.2026

**-:: निविदा सूचना 06/2025-26 ::-**

यत् नगर परिषद जालोर द्वारा निम्नांकित स्थानों पर सिविल निर्माण कार्यो हेतु स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर व राजस्थान प्रदेश में अन्य नगर निकायों में पंजीकृत सभी संवेदक अपनी श्रेणी अनुसार तथा अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदार जो "ए" अथवा "एए" श्रेणी में पंजीकृत है (पंजीकरण नियम Appendix XVI (Rule 334) Sec II.2 के अनुसार) से निर्धारित प्रपत्रों में E-PROCUREMENT प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्य एवं ई-निविदाओ के सम्बधित विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर डाउनलोड एवं अपलोड तथा www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।

| | |
|---|---|
| Total Work | 30 Work |
| Total Amount | 653.62 lac |
| NIB Code | DLB2526B1099 |

राज.संवाद/सी/25/19256 आयुक्त, नगर परिषद, जालोर

